जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2015/ दिनांक .20.05.2015

// अधिसूचना //

सर्व सम्बंधित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि बी0एड0 परीक्षा (सत्र 2014–15) दिनांक 12 मई 2015 से सम्पादित की जा रही है। किन्तु विश्वविद्यालय के संज्ञान में यह आया है कि कुछ छात्रों द्वारा अपने संकाय के अनुसार विषयों का चयन न कर गलत विषय चयन किये गये है। जिससे भ्रम की स्थिति उत्पनन हुई है।

अतः यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि बी0एड0 परीक्षा (सत्र 2014–15) में निम्नानुसार संकायवार छात्र निम्न विषयों का चयन कर सम्बंधित विषय की ही परीक्षा में सम्मिलित हों।

बी.एड. पंचम प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित संकायवार विषयः–

क्र	छात्र के संकाय का नाम	लिये जाने वाले विषयों के नाम
1.	कला एवं वाणिज्य संकाय के छात्र	इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजविज्ञान
2.	विज्ञान,ग्रहविज्ञान एवं कृषि संकाय के छात्र	विज्ञान, रसायन, भौतिकी गणित, जीवविज्ञान, ग्रहविज्ञान

नोट–बी.एड. षष्ठम प्रश्न–पत्र जिसमें कि वैकल्पिक विषय है, किसी भी संकाय का छात्र उन सभी वैकल्पिक विषयों में से किसी भी एक विषय का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।

बी0एड0 पंचम प्रश्न–पत्र में यदि किसी छात्र ने परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय गलत विषय का चयन कर लिया है। तो ऐसे परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र पर उपरोक्तानुसार सही विषय की परीक्षा में सम्मिलित हों, तथा एक लिखित आवेदन परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष को प्रदान करें। जिसमें यह उल्लेख किया जाये की उसने पूर्व में गलत विषय चयन कर लिया था। अब वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित संकायवार सही विषय की परीक्षा में सम्मिलित हो रहा है।

अतः उसकी परीक्षा मान्य की जाकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाये।

नोट–

बी0एड0 परीक्षा (सत्र 2014–15) के सभी वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि यदि उनके परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों द्वारा उपरोक्त विषयक कोई आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो वह उन सभी आवेदनों शीघ्र विश्वविद्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में आवश्यक रूप से जमा करायें। जिससे छात्रों परीक्षा आवेदन पत्र में आवश्यक सुधार किया जा सके। परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठां.क्र.जीवि/परीक्षा–2/गोप./2015/ दिनांक 20/05/2015

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर इस निवदेन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचार में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष बी0एड0 परीक्षा (सत्र 2014–15) के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा.।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष/सूचना पटल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. इंटरनेट इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)